मुख्य विकास अधिकारी/जिलाधिकारी बिजनौर

विषयः– जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत जिलाधिकारी महोदया की अध्यक्षता में दिनांक 18.06.2025 में की गयी समीक्षा बैठक के कार्यवृत्त के सम्बन्ध में।

महोदया

आपकी अध्यक्षता में दिनांक 18.06.2025 में की सम्पन्न जल जीवन मिशन कार्यक्रम की समीक्षा बैठक में दिये गये निर्देशो के अनुपालन में सम्पन्न बैठक का कार्यवृत्त आपके हस्ताक्षर हेतु पत्रावली में दायी ओर संलग्न है।

कृपया दायी ओर चस्पे कार्यवृत्त पर हस्ताक्षर करने का कष्ट करें।

सादर प्रेषित।

04/07/2025

(राकेश चौधरी)
अधिशासी अभियन्ता
ख0कार्यालयउ0प्र0जल निगम,
बिजनौर

05/7/2025
D.C.D.O
मुख्य विकास अधिकारी
बिजनौर

08/07/25
DM
(जसजीत कौर)
जिलाधिकारी, बिजनौर

Steno (note sheet) 527

# जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 18.06.2025 को जिलाधिकारी महोदया की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त

अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनांक 18.06.2025 को जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद बिजनौर में निर्माणाधीन पेयजल परियोजनाओं की प्रगति एवं एजेन्सी द्वारा किये जा रहे कार्यो के सत्यापन के सम्बन्ध मे समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में श्री पूर्ण बोरा, मुख्य विकास अधिकारी, सुश्री दमनप्रीत अरोड़ा जिला पंचायत राज अधिकारी, श्री राकेश चौधरी, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0जल निगम (ग्रामीण), बिजनौर, श्री शुभम सक्सैना सहायक अभियन्ता, श्री अकबर हसन, सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0जल निगम (ग्रामीण), बिजनौर जल निगम की कार्यदायी एजेंसी एल0सी0इन्फ्रा प्रा0लि0 एवं विंध्या टेलीलिंक्स लि0 के जनपदीय प्रोजेक्ट मैनेजर, थर्ड पार्टी इन्सपेक्शन एजेन्सी के डी0पी0एम0, डी0पी0एम0यू0 के जिला समन्वयक एवं जनपद में कार्यरत 04 नग आई0एस0ए0 एजेन्सीयों महिला ग्रामोद्योग विकास संस्थान अमरोहा, राम मनोहर एजूकेशन एवं समुदाय बाल विकास सोसाइटी, मन्सूरी एकेडमी एंव पी0एस0सेवा समिति के प्रतिनिधि, आई0ई0सी0 कार्डिनेटर के प्रतिनिधि द्वारा प्रतिभाग किया गया। समीक्षा के दौरान स्थिति निम्नवत पायी गयी :—

**बिन्दु सं0—1—**

जनपद में कार्यरत जल जीवन मिशन फेज—2 एवं फेज—3 के अंतर्गत कार्यदायी एजेन्सी मै0एल0सी0इन्फ्रा प्रो0प्रा0लि0 एवं मै0विंध्या टेलीलिंक्स लि0—गजा इंजी0प्रा0लि0 जे0वी0 द्वारा किये जा रहे F.H.T.C के कार्यो की समीक्षा की गयी जिसमें पाया गया कि मै0एल0सी0इन्फ्रा प्रो0प्रा0लि0 द्वारा 98.82 प्रतिशत F.H.T.C के कार्य पूर्ण कर लिये गये है, अवशेष बचे लगभग 1800 F.H.T.C के कार्यो को शीघ्र पूर्ण कर ग्रामों में 100 प्रतिशत करने के लिए एजेन्सी को निर्देश दिये गये।

मै0विंध्या टेलीलिंक्स लि0 द्वारा किये जा रहे F.H.T.C के कार्यो की समीक्षा की गयी जिसमें पाया गया कि एजेन्सी द्वारा द्वारा मात्र 91.71 प्रतिशत F.H.T.C के कार्य पूर्ण किये गये है, अवशेष बचे लगभग 25454 F.H.T.C के कार्यो को शीघ्र पूर्ण कर ग्रामों में 100 प्रतिशत करने के लिए एजेन्सी को निर्देश दिये गये। अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि एजेन्सी के पास मैनपावर की कमी है जिसके लिए एजेन्सी को मेनपावर बढ़ाकर F.H.T.C के कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गये है। मै0विध्या टेलीलिंक्स लि0 की F.H.T.C के कार्यो की धीमी प्रगति पर गहरी नाराजगी व्यक्त की गयी एवं प्रोजेक्ट मैनेजर मै0विंध्या टेलीलिक्स को चेतावनी देते हुए निर्देश दिये गये कि F.H.T.C के कार्य में अपेक्षित सुधार लाना सुनिश्चित करें। मै0एल0सी0इन्फ्रा प्रो0प्रा0लि0 को निर्देश दिये गये कि वह ग्राम जहां F.H.T.C के कार्य पूर्ण कराये जाने में समस्या आ रही है, उन ग्रामों की सूची मुख्य विकास अधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**बिन्दु सं0—02—**

जनपद में कार्यरत जल जीवन मिशन फेज—2 एवं फेज—3 के अंतर्गत कार्यदायी एजेन्सी मै0एल0सी0इन्फ्रा प्रो0प्रा0लि0 एवं मै0विध्या टेलीलिंक्स लि0—गजा इंजी0प्रा0लि0 जे0वी0 द्वारा किये जा रहे योजनाओं के हर घर जल प्रमाणीकरण की प्रगति की समीक्षा की गयी एवं पाया गया कि कुल 572 नग हर घर

जल रिपोर्टिड ग्रामों के सापेक्ष मात्र 450 नग ग्रामों का ही हर घर जल प्रमाणिकरण किया गया है एवं हर घर जल प्रमाणिकरण की प्रगति 78.67 प्रतिशत है। सम्बन्धित कार्यदायी एजेन्सीयों को निर्देश दिये गये कि अवशेष 122 नग ग्रामों के हर घर जल प्रमाणिकरण की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करायी जाये एवं समस्त ग्रामों में रेगूलर जलापूर्ति रोस्टर के अनुसार की जाये।

जनपद में कार्यरत टी0पी0आई0 एवं डी0पी0एम0यू0 को निर्देश दिये गये कि हर घर जल प्रमाणित किये गये 450 नग ग्रामों का टीम बनाकर सत्यापन किया जाये एवं सत्यापन रिपोर्ट मुख्य विकास अधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**बिन्दु सं0–3–**

जनपद में कार्यरत जल जीवन मिशन फेज–2 एवं फेज–3 के अंतर्गत कार्यदायी एजेन्सी मै0एल0सी0इन्फा प्रो0प्रा0लि0 एवं मै0विंध्या टेलीलिंक्स लि0–गजा इंजी0प्रा0लि0 जे0वी0 द्वारा किये जा रहे पेयजल योजनाओं के कार्यो की प्रगति के सम्बन्ध में समीक्षा की गयी। समीक्षा में पाया गया कि एजेन्सी के अवर जलाशयों के निर्माण कार्यो की प्रगति अत्यन्त धीमी है एवं पाइप लाईन एवं रोड रेस्टोरेशन के कार्य अभी भी अवशेष है, अधिकतर ग्रामों में डायरेक्ट पम्पिंग के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति की जा रही है जिस कारण से ग्रामों में समस्त ग्रामवासियों को पेयजल की उपलब्धता नहीं हो पा रही है।

कार्यदायी एजेन्सीयों की पेयजल योजनाओं की धीमी प्रगति पर रोष व्यक्त करते हुए निर्देश दिये गये कि अवशेष पाइप लाईन एवं रोड रेस्टोरेशन के कार्यो को शीघ्र पूर्ण कराया जाये एवं बरसात से पूर्व अवर जलाशय के कार्य ग्राउण्ड लेवल तक अवश्य कर दिये जाये जिससे कार्यो की प्रगति बाधित न हो। कार्यदायी एजेन्सी को निर्देश दिये गये कि मेनपावर बढ़ाकर योजनाओं के अवशेष कार्य शीघ्र पूर्ण किये जाये एवं ऐसे ग्राम जहां अवर जलाशय शीघ्र पूर्ण किये जा सकते है वहां अवर जलाशय के कार्यो को शीघ्र पूर्ण कर, अवर जलाशय के माध्यम से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाये।

**बिन्दु सं0–4–**

जनपद में बोक्सा जनजाति के 8 नग ग्रामों एवं बार्डर क्षेत्र के 18 नग ग्रामों में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो को प्राथमिकता पर लेते हुए योजनाओं के समस्त कार्यो को शीघ्र पूर्ण कराकर ग्रामवासियों को पेयजल आपूर्ति कराया जाना सुनिश्चित करें एवं यह भी सुनिश्चित कर लिया जाये की उक्त ग्रामों मे कोई भी व्यक्ति पेयजल योजना के लाभ से वंचित न रहे। इसके अतिरिक्त कार्यदायी एजेन्सी को निर्देश दिये गये कि बोक्सा जनजाति क्षेत्र में योजनाओं के समस्त कार्य माह अगस्त 2025 तक एवं बार्डर क्षेत्र के 18 नग ग्रामों में माह सितम्बर 2025 तक पेयजल योजनाओं के समस्त कार्य प्राथमिकता पर पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**बिन्दु सं0–5–**

डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 को निर्देश दिये गये कि ऐसे ग्राम जहां उनके द्वारा एजेन्सीयों को कार्यो के सापेक्ष एन0सी0आर0 निर्गत की जाती है, उनमें एजेन्सीयों से समयान्तर्गत उचित गुणवत्ता के साथ ए0टी0आर0 प्राप्त कर ली जाये एवं योजनाओं की गुणवत्ता की निरन्तरता बनायी जाये तथा आख्या अधिशासी अभियन्ता को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।

बिन्दु सं0–6–

उपस्थित आई0एस0ए0 एवं आई0ई0सी0 एजेन्सियों को उनको आवंटित ग्रामों में अपने समस्त कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गये एवं डी0पी0एम0यू0 को निर्देशित किया गया कि इनके द्वारा किये जा रहे कार्यो की निरन्तर समीक्षा करते हुए कार्यो को सत्यापित करते हुए सत्यापन आख्या अधिशासी अभियन्ता को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता एवं कार्यदायी एजेन्सीयों को निर्देश दिये गये कि उपरोक्तानुसार दिये निर्देशो का अनुपालन कराया जाना सुनिश्चित करें एवं योजनाओं के कार्यो को शीघ्र पूर्ण कराकर ग्रामवासियों को पेयजल आपूर्ति किया जाना सुनिश्चित करें।

(जसजीत कौर)
जिलाधिकारी
बिजनौर

**कार्यालय जिलाधिकारी बिजनौर।**

पत्रांक: 2714 /जल जीवन मिशन–बैठक कार्यवृत्त/2025–26 1292 दिनांकः–14.7.2025

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– मुख्य विकास अधिकारी बिजनौर।
2– अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण), बिजनौर।
3– जिला पंचायत राज अधिकारी, बिजनौर।
4– समस्त खण्ड विकास अधिकारी, जनपद बिजनौर को अनुपालनार्थ प्रेषित।
5– पी0एम0, मै0.आरवी एसोसिएटस (TPI) बिजनौर।
6– जिला समन्वयक, मै0मेधज प्रा0लि0(DPMU), बिजनौर।
7– समस्त आई0एस0ए0, जनपद बिजनौर।
8– जिला समन्वयक, समस्त आई0ई0सी0, बिजनौर।
9– प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0विंध्या टेलीलिंक्स लि0–गजा इंजीनियरिंग प्रा0लि0 जे0वी0/ मै0एल0सी0इन्फ्रा प्रो0प्रा0लि0 बिजनौर को आदेशो के अनुपालनार्थ।

जिलाधिकारी
बिजनौर।

Steno2025 -280